रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०१/२०१९ - एन टी पी सी - CEN 01/2019 - NTPC

RRB NTPC 2019 CBT-2 Level 6

Non-Technical Popular Categories · CEN 01/2019 · CBT-2 · Pay Level 6 · Question Paper

Hindi

All 2 Shifts (Sets) · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet contains all **2 shift papers** of the **RRB NTPC 2019 CBT-2 Level 6** examination in **Hindi**, with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

Source. Every question and option is the original image of the official RRB response sheet (no retyping). Sections are taken from the official image file names: Mathematics 35, General Intelligence and Reasoning 35, General Awareness 50 in every shift. Question numbers follow the saved paper of each shift.

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions appear section by section in the order of the paper, numbered 1 onward.
- Diagram and wide-table questions appear at full width at the end of their section.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.



Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

Set 1
09 May 2022
10:30 AM - 12:00 PM

Set 2
09 May 2022
3:30 PM - 5:00 PM

Mathematics 35 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

एक निश्चित वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर निवेशित, एक धनराशि में 10 वर्ष में 75% की वृद्धि होती है। समान वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर समान धनराशि में 6 वर्ष में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

A. 38%

B. 45% ✓

C. 48%

D. 42%

Q2 Mathematics

ABCD एक आयत है, जिसमें AB = 10 cm और BC = 8 cm है। O, आयत ABCD की तीन भुजाओं AB, BC और CD को स्पर्श करने वाले एक वृत्त का केंद्र है। त्रिभुज OBC का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

A. 20

B. 24

C. 22

D. 16 ✓

Q3 Mathematics

यदि $0.17y = 10.2$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

A. 6

B. 0.6

C. 600

D. 60 ✓

Q4 Mathematics

यदि $16, 25, 13, 26$ और 15 का औसत k है, तो $\sqrt{2k + 11}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 9

B. 10

C. 8

D. 7 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q5 Mathematics

किसी वस्तु के अंकित मूल्य और क्रय मूल्य का अनुपात 5:3 है। यदि वस्तु का विक्रय मूल्य ₹ 3,024 है तथा दुकानदार इस पर 16% और 20% की दो क्रमिक छूटें देता है, तो लाभ या हानि (₹ में) कितनी है?

A. हानि, ₹ 216

B. हानि, ₹ 112

C. लाभ, ₹ 324 ✓

D. लाभ, ₹ 225

Q6 Mathematics

यदि $3x + 2y = 13$ और $y^2 - 4y + 4 = 0$ है, तो (x,y) ज्ञात कीजिए।

A. (3, 2) ✓

B. (2, 3)

C. (4, 2)

D. (5, −1)

Q7 Mathematics

एक गोलीय कोश की बाह्य त्रिज्या 9 cm है और कोश की मोटाई 1 cm है। कोश के लिए प्रयुक्त धातु का आयतन (घन cm में) ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ मानिए$\left.\right)$

A. $909\frac{3}{5}$

B. $915\frac{1}{3}$

C. $912\frac{2}{3}$

D. $909\frac{1}{3}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

P, Q, R एक कार्य को क्रमशः 40 दिन, 90 दिन और 36 दिन में कर सकते हैं। P कार्य शुरू करता है। Q, 7 दिन बाद उसके साथ कार्य में शामिल होता है। यदि R शुरुआत से 8 दिन बाद उनके साथ कार्य में शामिल होता है, तो R कितने दिन तक कार्य करता है?

A. $15\frac{8}{23}$

B. $11\frac{8}{23}$

C. $12\frac{8}{23}$ ✓

D. $13\frac{8}{23}$

Q9 Mathematics

एक शंक्वाकार तंबू के आधार की त्रिज्या 9 m है और इसकी ऊंचाई 12 m है। यदि इसे बनाने में प्रयुक्त सामग्री की लागत ₹ 100 प्रति $\pi\, m^2$ है, तो तंबू बनाने के लिए आवश्यक सामग्री की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

A. ₹ 13,000

B. ₹ 14,500

C. ₹ 13,500 ✓

D. ₹ 15,000

Q10 Mathematics

पांच वर्ष पूर्व, पिता और उसके पुत्र की आयु का अनुपात 7 : 2 था। पांच वर्ष बाद, पिता और उसके पुत्र की आयु का अनुपात 9 : 4 होगा। कितने वर्ष बाद पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दो गुनी हो जाएगी?

A. 12

B. 8

C. 10 ✓

D. 9

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\frac{12-6\div 2+4}{3^2\times 3-7+6}$$

A. $\frac{1}{2}$ ✓

B. $\frac{11}{26}$

C. $\frac{11}{18}$

D. $\frac{13}{18}$

Q12 Mathematics

यदि $\frac{1}{1+\tan\theta}+\frac{1}{1-\tan\theta}=4$ है, जहां $0°<\theta<90°$ है, तो $(\text{cosec}^2\theta+\sec^2\theta)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{9}{2}$ ✓

B. $\frac{8}{3}$

C. $\frac{4}{3}$

D. $\frac{5}{2}$

Q13 Mathematics

यदि $y=\sqrt[3]{6}-4$ है, तो $y^3+12y^2+48y+100$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 106

B. 42 ✓

C. 0

D. 6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

54 km/h की चाल से चल रही 450 m लंबी रेलगाड़ी को प्लेटफार्म पर खड़े किसी व्यक्ति को पार करने में कितना समय लगेगा?

A. 32 सेकंड

B. 28 सेकंड

C. 25 सेकंड

D. 30 सेकंड ✓

Q15 Mathematics

यदि किसी संख्या का 23.5%, 11.75 के बराबर है, तो संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 60

B. 50 ✓

C. 40

D. 48

Q16 Mathematics

20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर तीन वर्ष के लिए और 20% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर समान अवधि के लिए निवेशित एक धनराशि पर प्राप्य ब्याजों का अंतर ₹448 है। निवेशित धनराशि का मान ज्ञात कीजिए।

A. ₹ 3,000

B. ₹ 3,750

C. ₹ 3,500 ✓

D. ₹ 4,000

Q17 Mathematics

दो अंकों वाली एक संख्या का $\frac{1}{7}$ वां भाग, उस संख्या के आधे से 15 कम है। 2 अंकों वाली उस संख्या के अंकों का योगफल कितना होगा?

A. 6 ✓

B. 8

C. 7

D. 5

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

245,175 और 385 का म.स.प. (HCF) ज्ञात कीजिए।

A. 7

B. 35 ✓

C. 25

D. 5

Q19 Mathematics

प्रेक्षणों 29, 36, 21, 18, 7, 19, k, k का माध्य 21.25 है और प्रेक्षणों 29, 22, 15, 15, 22, 18, 21, p, p का बहुलक 29 है। (p - k) का मान ज्ञात कीजिए।

A. 9 ✓

B. 10

C. 12

D. 11

Q20 Mathematics

यदि y का $\frac{2}{3}$ = z का $\frac{8}{15}$ है, तो y : z का मान ज्ञात कीजिए।

A. 16 : 45

B. 3 : 5

C. 21 : 25

D. 4 : 5 ✓

Q21 Mathematics

निम्न को सरल कीजिए।

$72 - 4(40 + 24 \div 8 \times 6 - 4 \times 4) + 20$

A. -6

B. -36

C. 52

D. -76 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

राम किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है और फिर भी उसे 12.5% का लाभ होता है। यदि वह उस वस्तु को अंकित मूल्य पर ही बेचता, तो उसे कितना लाभ होता?

A. 20%

B. 25% ✓

C. 27.5%

D. 22.5%

Q23 Mathematics

AB और CD, केंद्र O वाले वृत्त की समांतर स्पर्श रेखाएं हैं। बिंदु P और Q क्रमशः AB और CD पर इस प्रकार स्थित हैं, कि PQ वृत्त को R पर स्पर्श करता है। ∠POQ का माप ज्ञात कीजिए।

A. 80°

B. 90° ✓

C. 100°

D. 85°

Q24 Mathematics

₹ 5,000 की कुल धनराशि में से, दानिश एक भाग को 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर और शेष भाग को 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर निवेशित करता है। यदि दो वर्षों में दानिश को प्राप्त हुआ कुल ब्याज ₹ 1072 के बराबर है, तो दानिश ने 12% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर कितनी धनराशि निवेशित की थी?

A. ₹ 2,000

B. ₹ 1,800 ✓

C. ₹ 1,750

D. ₹ 2,150

Q25 Mathematics

एक वृत्त की परिधि 308 m है। उस वृत्त का क्षेत्रफल कितना होगा? [$\pi = \frac{22}{7}$ मानिए]

A. $7446\ m^2$

B. $7646\ m^2$

C. $7546\ m^2$ ✓

D. $7556\ m^2$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Mathematics

एक लंब वृत्तीय शंकु को एक अर्धगोले के ऊपर रखा गया है। शंकु की आधार त्रिज्या, अर्धगोले की त्रिज्या के बराबर है। अर्धगोले का व्यास 12 cm है, जबकि शंकु की ऊंचाई 8 cm है। यदि π cm^2 को पेंट करने की लागत ₹ 25 है, तो संयुक्त वस्तु को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए।

A. ₹ 6,930

B. ₹ 4,500

C. ₹ 10,371

D. ₹ 3,300 ✓

Q27 Mathematics

यदि $56 \div 14 \times 2^2 - 12 \times 6 \div 3 + 10 = z$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

A. 4

B. 6

C. 3

D. 2 ✓

Q28 Mathematics

निम्न प्रेक्षणों के बहुलक और माध्य का अंतर ज्ञात कीजिए।

4, 5, 6, 7, 8, 12, 9, 12, 5, 12

A. 4 ✓

B. 4.2

C. 5.1

D. 4.6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 Mathematics

एक व्यक्ति किसी निश्चित दूरी को एक निश्चित चाल से तय करता है। यदि वह अपनी चाल में 30% की वृद्धि करता है, तो उसे उसी दूरी को तय करने में 15 मिनट कम समय लगता है। अपनी मूल चाल से चलते हुए उस दूरी को तय करने में उसके द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

A. 1 घंटा 10 मिनट

B. 1 घंटा

C. 1 घंटा 12 मिनट

D. 1 घंटा 05 मिनट ✓

Q30 Mathematics

यदि $2\sin y + \cos y = \sqrt{5}\sin y$ है, तो $\tan y$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\sqrt{5} + 2$ ✓

B. $\sqrt{5} - 2$

C. $\sqrt{5} + 1$

D. $\sqrt{5} - 1$

Q31 Mathematics

निम्न व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$$1 - \frac{(4 \div 5 - 1 \times 3 + 2) \times 8}{3^2 \times 8 - 4 \times 2}$$

A. $\frac{39}{40}$

B. 0

C. $\frac{41}{40}$ ✓

D. $\frac{5}{8}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 Mathematics

एक पुरुष किसी कार्य को 20 दिन में पूर्ण कर सकता है और एक महिला उसी कार्य को 30 दिन में पूर्ण कर सकती है। 2 पुरुष और 3 महिलाएं उस कार्य को कितने दिन में पूर्ण करेंगे?

A. 5 ✓

B. 4

C. 6

D. $5\frac{1}{2}$

Q33 Mathematics

30 संख्याओं का औसत 55 है। पहली 15 संख्याओं का औसत 51 है और अंतिम 12 संख्याओं का औसत 56 है। 68, 74 और शेष 3 संख्याओं का औसत कितना होगा?

A. 72.2

B. 70

C. 71 ✓

D. 72

Q34 Mathematics

$\frac{1}{4}, \frac{2}{3}, \frac{4}{5}, \frac{5}{8}, \frac{3}{4}$ में से सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का गुणनफल K है। $\left[\frac{1}{K}+4\right]\left[\frac{1}{K}-2\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{171}{25}$

B. 7

C. $\frac{189}{25}$

D. 27 ✓

Q35 Mathematics

ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर करने पर, चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेशित एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष बाद ₹56,180 हो जाती है, और 3 वर्ष बाद ₹59,550.80 हो जाती है। धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 45,000

B. 52,500

C. 48,700

D. 50,000 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

CKO : FNL :: FLP : IOM :: DPQ : ?

A. GST

B. HRN

C. GSN ✓

D. HRT

Q37 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

AURT, BWSV, CYTX, ?

A. DZUY

B. DZUZ

C. DZUV

D. DAUZ ✓

Q38 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से कौन सा वह लगभग निकटतम मान है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

499.37 + 1.95 × 4.79 - 2.87 ÷ 19.70 = ?

A. 290

B. 750

C. 510 ✓

D. 365

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

यदि 1 जनवरी 2017 को गुरुवार था, तो उसी वर्ष में 31 मार्च को सप्ताह का कौन सा दिन था?

A. शुक्रवार

B. मंगलवार ✓

C. गुरुवार

D. बुधवार

Q40 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

कुछ एथलीट व्यवसायी हैं।

सभी व्यवसायी अमीर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ एथलीट अमीर हैं।

II. कोई एथलीट अमीर नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

C. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q41 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें:

(बाएं) K L % Y & 4 E 2 * 3 M & 7 S W # 8 2 H * L (दाएं)

यदि शृंखला में से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा दाएं से आठवें स्थान पर होगा?

A. &

B. E

C. M ✓

D. *

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

शमिता की वर्षगांठ 15 मार्च 2020 को रविवार के दिन थी। तो उसके पति की वर्षगांठ को, जो 31 मई 2020 को थी, कौन सा दिन था?

A. मंगलवार

B. रविवार ✓

C. शुक्रवार

D. बुधवार

Q43 General Intelligence and Reasoning

पांच बॉक्स - K, L, M, N और O हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखकर व्यवस्थित किया गया है। बॉक्स M को बॉक्स N के ऊपर रखा गया है। बॉक्स O को बॉक्स K के नीचे रखा गया है। बॉक्स N को बॉक्स K के ऊपर रखा गया है। बॉक्स L को बॉक्स O के नीचे रखा गया है। निम्नलिखित में से किस बॉक्स को सबसे नीचे रखा गया है?

A. O

B. L ✓

C. M

D. K

Q44 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा में, प्रत्येक विद्यार्थी ने एक अलग स्थान प्राप्त किया। अमन का स्थान शीर्ष से 11वां है और निखिल का स्थान नीचे से 13वां है। केवल तीन विद्यार्थियों का स्थान अमन और निखिल के बीच है। यदि विद्यार्थियों की कुल संख्या, एक विषम संख्या है जो 3 से विभाज्य है, तो कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

A. 21

B. 27 ✓

C. 33

D. 15

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$4 \div 8 + 5 - 6 \times 2 = 34$

A. +, −

B. ÷, +

C. ÷, × ✓

D. ×, +

Q46 General Intelligence and Reasoning

आठ व्यक्ति - P, Q, R, S, T, U, V और W रात्रिभोज के लिए एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि 4 व्यक्ति एक-एक कोने पर बैठे हैं और 4 व्यक्ति चार भुजाओं के मध्य स्थानों पर बैठे हैं। उन सभी का मुख वर्ग के केंद्र की ओर है। S, U के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। U, T के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। T, किसी एक भुजा के मध्य स्थान पर बैठा है। R, U के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। P, V और R दोनों के ठीक बगल में बैठा है। W, T के ठीक बगल में नहीं बैठा है।

निम्नलिखित में से कौन किसी एक कोने पर बैठा है?

A. R

B. V

C. S

D. Q ✓

Q47 General Intelligence and Reasoning

दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, '=' (बराबर चिह्न) के दाईं ओर मौजूद संख्या, '=' (बराबर चिह्न) के बाईं ओर मौजूद चार संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान पैटर्न का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

11, 8, 5, 9 = 43

12, 9, 7, 6 = 66

14, 13, 9, 10 = ?

A. 98

B. 89

C. 80

D. 92 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

आठ सहकर्मी - K, L, M, N, O, P, Q और R एक वृत्ताकार व्यवस्था में केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। N, L और Q दोनों के ठीक बगल में बैठा है। P, K और R दोनों के ठीक बगल में बैठा है। O, K के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M की स्थिति के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित रूप से सत्य है?

A. L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर

B. O और P के ठीक मध्य में

C. K और O के ठीक मध्य में ✓

D. Q और O के ठीक मध्य में

Q49 General Intelligence and Reasoning

आठ व्यक्ति M, N, P, S, T, V, X और Y एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं और सभी का मुख उत्तर की ओर है।
N पंक्ति के किसी एक सिरे से दूसरे स्थान पर बैठा है। M और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P, M के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P के दाईं ओर जितने व्यक्ति बैठे हैं, उतने ही व्यक्ति S के बाईं ओर बैठे हैं। T और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T पंक्ति के किसी भी सिरे पर नहीं बैठा है। Y, X के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।
V के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. M

B. Y ✓

C. X

D. P

Q50 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

86, 74, 62, 54, ? , 42, 38

A. 43

B. 44

C. 50

D. 46 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से दिए गए कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन:

$W = H \geq G = C \geq T \leq L \leq M$

निष्कर्ष:

I. $T \leq W$

II. $C \geq M$

A. केवल निष्कर्ष I सत्य है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

C. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II सत्य है।

D. निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

Q52 General Intelligence and Reasoning

G, M, P, V, Z और D एक परिवार के छह सदस्य हैं। Z, V का पुत्र है। M, V का भाई है। D और V विवाहित युगल हैं। P, D की पुत्री है। D, G की बहन है।

Z का P से क्या संबंध है?

A. पिता

B. मां

C. बहन

D. भाई ✓

Q53 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

MDT : PAW :: RFQ : UCT :: LSK : ?

A. OPN ✓

B. HRN

C. JPH

D. ORH

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

आठ व्यक्ति E, H, M, P, S, T, Y और Z एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। उन सभी का मुख उत्तर की ओर है। E पंक्ति के किसी एक सिरे से चौथे स्थान पर बैठा है। H, E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। H के दाईं ओर जितने व्यक्ति बैठे है, M के बाईं ओर उतने ही व्यक्ति बैठे हैं। M और P के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, Z के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Z और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
Y के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. दो

B. एक ✓

C. तीन

D. शून्य

Q55 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

QHD, MNV, ITN, EZF, AFX, ?

A. XLQ

B. XJQ

C. WJP

D. WLP ✓

Q56 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में
'see their dresses' को 'ti ve su' लिखा जाता है,
'dresses we see' को 'nx ti ve' लिखा जाता है,
'we see their party' को 'fs ve nx su' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

दी गई कूट भाषा में 'party dresses' के लिए संभावित कूट शब्द क्या है?

A. na ti

B. ti ve

C. ti fs ✓

D. su na

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्ति - C, D, E, X, Y और Z, प्रत्येक अलग-अलग आयु के हैं। केवल एक व्यक्ति Y से छोटा है। X, E से बड़ा है, किंतु D से छोटा है। E, Y से बड़ा है। न तो D और न ही C सबसे बड़ा है।
कितने व्यक्ति Z से बड़े हैं?

A. शून्य ✓

B. तीन

C. दो

D. तीन से अधिक

Q58 General Intelligence and Reasoning

एक समूह में पांच लड़कियां हैं, प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। H केवल E से छोटी है। F, P के जितनी लंबी नहीं है। P, G से छोटी है। उनमें से कौन सबसे छोटी है?

A. P

B. F ✓

C. E

D. G

Q59 General Intelligence and Reasoning

दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित में से तीन संख्या-युग्म एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

A. 17, 24

B. 11, 12

C. 22, 34

D. 25, 42 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, E के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। F, D के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. D ✓

B. C

C. E

D. B

Q61 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'RELATIONS' को 'TSRONLIEA' लिखा जाता है, और 'NUMBER' को 'URNMEB' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SPECULATION' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. UOCATNLIESP

B. OCAATNLIESP

C. UTNLIESPOCA

D. UTSPONLIECA ✓

Q62 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
'good deeds pay' को 'ag bi tr' लिखा जाता है,
'pay all bills' को 'od ez ag' लिखा जाता है,
'all your deeds count' को 'sn tr od um' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

उसी कूट भाषा में 'count' को किस प्रकार लिखा जाता है?

A. या तो 'od' या 'tr'

B. या तो 'sn' या 'um' ✓

C. od

D. ez

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी ऊंट गधे हैं।

कुछ बिल्लियां ऊंट हैं।

सभी डॉल्फ़िन बिल्लियां हैं।

निष्कर्ष:

I. सभी डॉल्फ़िन गधे हैं।

II. कुछ डॉल्फ़िन गधे हैं।

III. कुछ गधे बिल्लियां हैं।

IV. सभी बिल्लियां गधे हैं।

A. केवल निष्कर्ष III पालन करता है। ✓

B. निष्कर्ष II और III दोनों पालन करते हैं।

C. निष्कर्ष I और III दोनों पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष IV पालन करता है।

Q64 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'CONSUME' को 'CEMNOSU' लिखा जाता है और 'COMPEL' को 'CELMOP' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'ENGLISH' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. EHGLNSI

B. EGHNLSI

C. EGHILNS ✓

D. EHGILNS

Q65 General Intelligence and Reasoning

6 व्यक्तियों - A, B, C, D, E और F का एक समूह है (उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है)। D, A और E से लंबा है। F, B और C से लंबा है। E, F से लंबा है। A, F से लंबा है। निम्नलिखित में से कौन सबसे छोटा व्यक्ति हो सकता है?

A. B या E

B. B या C ✓

C. C या F

D. A या C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी सालसा जैज हैं।

कोई जैज कथक नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कुछ जैज सालसा हैं।

II. कोई सालसा कथक नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

D. दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं। ✓

Q67 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'MUSIC' को 'LTTJD' लिखा जाता है, और 'CONCEPT' को 'BNMDFQU' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SINGING' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. RHOHJOF

B. RHMFHOJ

C. TJOHHOF

D. RHMHJOH ✓

Q68 General Intelligence and Reasoning

गिरिधर एक मंदिर में था और उसका मुख पश्चिम की ओर था। वह टोकन लेने के लिए दक्षिणावर्त दिशा में 45° मुड़ता है, फिर दक्षिणावर्त दिशा में और 180° मुड़ता है। फिर वह वामावर्त दिशा में 45° मुड़ता है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है?

A. दक्षिण-पश्चिम

B. उत्तर-पश्चिम

C. पूर्व ✓

D. पश्चिम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Intelligence and Reasoning

कक्षा में आयोजित एक परीक्षा में रमेश का स्थान शीर्ष से 16वां और नीचे से 21वां है। यदि केवल 21 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, तो उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए?

A. 19


B. 21

C. 15 ✓

D. 17

Q70 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित लाइन ग्राफ 2007-2012 की अवधि के दौरान एक कार निर्माता कंपनी द्वारा अर्जित वार्षिक प्रतिशत लाभ को दर्शाता है।



[संदर्भ - profit percentage earned by a car manufacturing company over the years - दिए गए वर्षों के दौरान एक कार निर्माता कंपनी द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ, profit percentage - प्रतिशत लाभ]

निम्नलिखित में से किस वर्ष के दौरान वार्षिक प्रतिशत लाभ, ग्राफ में प्रदर्शित सभी वर्षों के दौरान हुए औसत वार्षिक प्रतिशत लाभ के निकटतम था?

A. 2011

B. 2007

C. 2009

D. 2008 ✓

General Awareness

50 Questions • Answer Key

Q71 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय रेलवे की सबसे पुरानी उत्पादन इकाई है?

A. चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स ✓

B. डीजल लोकोमोटिव वर्क्स

C. इंटीग्रल कोच फैक्ट्री

D. रेल व्हील फैक्टरी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Awareness

IPCC, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान के आकलन के लिए संयुक्त राष्ट्र का निकाय है। IPCC का पूर्ण रूप क्या है?

A. Intergovernmental Provision on Climate Change (इंटरगवर्नमेंटल प्रोविजन ऑन क्लाइमेट चेंज)

B. International Provision on Climate Change (इंटरनेशनल प्रोविजन ऑन क्लाइमेट चेंज)

C. International Panel on Climate Change (इंटरनेशनल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज)

D. Intergovernmental Panel on Climate Change (इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज) ✓

Q73 General Awareness

12 मार्च _____ को भारत सरकार द्वारा, साहित्य अकादमी का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

A. 1952

B. 1954 ✓

C. 1958

D. 1956

Q74 General Awareness

भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में "दस-लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर (million-plus cities)" कितने थे?

A. 58

B. 47

C. 53 ✓

D. 40

Q75 General Awareness

_____ ने चित्तौड़गढ़ में महमूद खिलजी को पराजित किया और विजय स्तंभ स्थापित किया।

A. राणा संग्राम सिंह

B. पृथ्वीराज चौहान

C. राणा कुंभा ✓

D. जय चंद गढ़वाक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 General Awareness

नील नदी को निम्न में से किस देश की रीढ़ की हड्डी कहा जाता था?

A. सऊदी अरब

B. मोरक्को

C. सूडान

D. मिस्र ✓

Q77 General Awareness

उप-सहारा अफ्रीका में आय और खाद्य उत्पादन में सुधार करने वाले ट्रॉपिकल लेग्यूम्स प्रोजेक्ट (Tropical Legumes Project) के लिए किस संस्थान को अफ्रीका खाद्य पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया था?

A. केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI)

B. अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान (ICRISAT) ✓

C. राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (NRRI)

D. भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (IISR)

Q78 General Awareness

अल्ला रक्खा के नाम से लोकप्रिय अल्लारक्खा कुरैशी, एक भारतीय _____ वादक हैं।

A. तबला ✓

B. सितार

C. वीणा

D. ढोलक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q79 General Awareness

उर्ध्वपातन क्या है?

A. किसी पदार्थ का ठोस से सीधे गैस अवस्था में परिवर्तन ✓

B. किसी पदार्थ का गैस से सीधे ठोस अवस्था में परिवर्तन

C. किसी पदार्थ का गैस से सीधे द्रव अवस्था में परिवर्तन

D. किसी पदार्थ का द्रव से सीधे गैस अवस्था में परिवर्तन

Q80 General Awareness

चार कक्षीय हृदय निम्न में से किसमें पाया जाता है?

A. मछली/मत्स्य

B. मेंढक

C. सी-हॉर्स

D. मोर ✓

Q81 General Awareness

अनुच्छेद 239, _____ से संबंधित है।

A. प्रधानमंत्री द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन

B. कैबिनेट मंत्रियों द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन

C. राष्ट्रपति द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन ✓

D. उपराज्यपाल द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन

Q82 General Awareness

विश्व का सबसे बड़ा नदीय द्वीप माजुली निम्नलिखित में से किस नदी पर स्थित है?

A. गंगा

B. गोदावरी

C. सिंधु

D. ब्रह्मपुत्र ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness

पुदुचेरी के विल्लियानूर मंदिर में किया जाने वाला पुदुचेरी का कौन-सा अनुष्ठानिक लोक नृत्य हिंदू महाकाव्य रामायण से संबंधित है?

A. हुलिवेश (Hulivesha)

B. टिप्पनी (Tippani)

C. दालखाई (Dalkhai)

D. गराडी (Garadi) ✓

Q84 General Awareness

भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पदयानी भद्रकाली मंदिर में किया जाने वाला एक धार्मिक नृत्य स्वरूप है?

A. कर्नाटक

B. केरल ✓

C. महाराष्ट्र

D. तमिलनाडु

Q85 General Awareness

उपभोक्ता का ईष्टतम बंडल, बजट रेखा और _____ के बीच स्पर्शज्यात्व बिंदु पर स्थित होता है।

A. आय प्रभाव (income effect)

B. एकदिष्टता (monotonicity)

C. मांग का नियम (law of demand)

D. अनधिमान वक्र (indifference curve) ✓

Q86 General Awareness

मानव विकास सूचकांक रैंकिंग (2020) के अनुसार, निम्न में से किस देश में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (वर्ष) उच्चतम है?

A. नॉर्वे

B. डेनमार्क

C. फ्रांस

D. हांगकांग, चीन (SAR) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q87 General Awareness

3 सितंबर 2021 को किस भारतीय निशानेबाज ने पैरालंपिक के एकल संस्करण में दो पैरालंपिक पदक जीते?

A. नरेश शर्मा

B. सिंहराज अधाना

C. अवनी लेखरा ✓

D. मनीष नरवाल

Q88 General Awareness

चावल की भूसी के तेल के स्थिरीकरण (stabilisation) में निम्न में से किस एंजाइम का उपयोग होता है?

A. सेलुलोज़ (Cellulase)

B. कैटालेज (Catalase)

C. हाइड्रोलेज (Hydrolase)

D. लाइपेज (Lipase) ✓

Q89 General Awareness

भारत में बोडो भाषा मुख्यतः किस राज्य में बोली जाती है?

A. असम ✓

B. कर्नाटक

C. हिमाचल प्रदेश

D. झारखंड

Q90 General Awareness

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के वर्ष 2020 के आंकड़ों के अनुसार, किस देश में स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति कुल व्यय सर्वाधिक है?

A. रूस

B. कनाडा

C. यूएसए (USA) ✓

D. जर्मनी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness

भारत के वे पहले अधिकारी कौन हैं, जिन्हें जेंडर लीडरशिप एंड इम्पैक्ट (लैंगिक नेतृत्वकर्ता और प्रभाव) श्रेणी के तहत फरवरी 2021 में संयुक्त राष्ट्र एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

A. सुदर्शन पंथी

B. सस्मिता लेंका ✓

C. बीरेंद्र सिंह जौहरी

D. नमिता गोखले

Q92 General Awareness

निम्न में से कौन सा इंटरनेट प्रोटोकॉल हमें वर्ल्ड वाइड वेब पर डेटा एक्सेस करने की अनुमति देता है?

A. SNMP

B. FTP

C. HTTP ✓

D. DNS

Q93 General Awareness

सिक्किम में लहबाब दुचेन (Lhabab Dhuechen) नामक पर्व, _____ के स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

A. भगवान विष्णु

B. भगवान महावीर

C. भगवान शिव

D. भगवान बुद्ध ✓

Q94 General Awareness

रिन्यूएबल फ्यूल एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 में _____ दुनिया का सबसे बड़ा इथेनॉल उत्पादक देश था।

A. चीन

B. कनाडा

C. ब्राज़ील

D. संयुक्त राज्य अमेरिका ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness

मछली का उपभोग बढ़ाने के लिए किस राज्य ने 21 नवंबर 2020 को 'एक्वा बाजार' और 'एक्वा हब' परियोजना का उद्घाटन किया था?

A. गोवा

B. पश्चिम बंगाल

C. केरल

D. आंध्र प्रदेश ✓

Q96 General Awareness

_____ को संविधान सभा ने भारत के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में एक मसौदा समिति का गठन किया।

A. 18 अगस्त 1947

B. 20 अगस्त 1947

C. 25 अगस्त 1947

D. 29 अगस्त 1947 ✓

Q97 General Awareness

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति कौन करता है?

A. प्रधानमंत्री की सलाह पर भारत के राष्ट्रपति ✓

B. अपने विवेक के अनुसार भारत के राष्ट्रपति

C. भारत के प्रधानमंत्री

D. संसद

Q98 General Awareness

समकालीन कर्नाटक संगीत में मेलकर्ता रागों की संख्या कितनी है?

A. 52

B. 62

C. 82

D. 72 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q99 General Awareness

मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में वर्ष _____ में शामिल किया गया था।

A. 1986

B. 1966

C. 1976 ✓

D. 1996

Q100 General Awareness

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना सरकार द्वारा वर्ष ____ में की गई थी।

A. 1956

B. 1974 ✓

C. 1947

D. 1965

Q101 General Awareness

महाराष्ट्र सरकार ने 'जेल पर्यटन' पहल कब शुरू की थी?

A. नवंबर 2021

B. अगस्त 2021

C. जनवरी 2021 ✓

D. मई 2021

Q102 General Awareness

निम्न में से कौन सा उष्णकटिबंधीय चक्रवात मई 2021 में भारत के पश्चिमी तट से टकराया था?

A. तौकते (Tauktae) ✓

B. वरदा (Vardah)

C. तितली (Titli)

D. हुदहुद (Hudhud)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q103 General Awareness

निम्न में से किस वर्ण का उपयोग एम.एस.-एक्सेल (MS-Excel) में निरपेक्ष एड्रेस (absolute address) बनाने के लिए किया जाता है?

A. डॉलर ($) ✓

B. परसेंट (%)

C. हैश (#)

D. ऐंपरसैंड (&)

Q104 General Awareness

आधुनिक आवर्त सारणी के अनुसार, निम्न में से किस तत्व का परमाणु क्रमांक 30 है?

A. Zn ✓

B. Ni

C. Co

D. Fe

Q105 General Awareness

निम्न में से किसे 'उस प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिसमें सरकार एक या एक से अधिक कंपनियों को अधिकांश हिस्सेदारी (stakes) बेचती है, जबकि सरकार के पास अभी भी इसका स्वामित्व होता है और अल्पसंख्यक हितधारक (minority stakeholder) के रूप में बनी रहती है'?

A. विस्थापन (Displacement)

B. प्रतिनिधान/प्रत्यायोजन (Delegation)

C. स्वत्वमोचन/विनिवेश (Divestment) ✓

D. अपसरण/विचलन (Divergence)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q106 General Awareness

_____ एक वरिष्ठ (प्रवर) न्यायालय द्वारा एक अधीनस्थ न्यायालय या न्यायाधिकरण या लोक प्राधिकरण को दिया गया हुक्म या आदेश है कि यदि वह अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं कर रहा है, तो करे।

A. उत्प्रेषण (Certiorari)

B. अधिकार पृच्छा (Quo Warranto)

C. बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)

D. परमादेश (Mandamus) ✓

Q107 General Awareness

चंपारण का सत्याग्रह वर्ष _____ में हुआ था।

A. 1912

B. 1915

C. 1910

D. 1917 ✓

Q108 General Awareness

भारत के सर्वप्रथम औद्योगिक नीति संकल्प की घोषणा वर्ष _____ में की गई थी।

A. 1952

B. 1960

C. 1948 ✓

D. 1955

Q109 General Awareness

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (एम.पी.सी.) _____ से संबंधित होती है।

A. प्रति इकाई आय बचत

B. आय में परिवर्तन के साथ उपभोग परिवर्तन की दर ✓

C. आय में परिवर्तन प्रति इकाई बचत में परिवर्तन

D. प्रति इकाई आय उपभोग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q110 General Awareness

वर्ष 2021 में, डी.आर.डी.ओ. (DRDO) द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में भारत की निगरानी क्षमता को बढ़ाने के लिए PSLV-C51 द्वारा किस उपग्रह (सैटेलाइट) का प्रक्षेपण किया गया?

A. सिंधु नेत्र उपग्रह ✓

B. श्री शक्ति उपग्रह

C. सिंधु दुर्ग उपग्रह

D. सतीश धवन उपग्रह

Q111 General Awareness

वैष्णव संप्रदाय में, देव के कितने अवतार या अवतरणों को माना गया है?

A. 9

B. 5

C. 10 ✓

D. 7

Q112 General Awareness

दिसंबर 2021 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत में नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों की कुल संख्या कितनी है?

A. 6

B. 10

C. 7 ✓

D. 9

Q113 General Awareness

निम्न में से किसे जून 2021 में सेंट्रल यूरोपियन यूनिवर्सिटी ओपन सोसाइटी अवार्ड के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

A. सत्येंद्र जैन

B. हर्षवर्धन

C. दीपक सावंत

D. के.के. शैलजा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q114 General Awareness

महिलाओं की एक पत्रिका, 'वामबोधिनी पत्रिका' के संपादक_____ थे।

A. देबेंद्रनाथ टैगोर

B. राजा राम मोहन राय

C. स्वामी विवेकानंद

D. उमेशचंद्र दत्ता ✓

Q115 General Awareness

कालिदास की निम्नलिखित में से किस कृति में भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र कार्तिकेय के जन्म के प्रसंग को आधार बनाया गया है?

A. मेघदूत

B. ऋतुसंहार

C. कुमारसंभव ✓

D. रघुवंश

Q116 General Awareness

पद्म श्री मिनाती मिश्रा भारत की एक शास्त्रीय नर्तकी और अभिनेत्री थीं, उन्हें निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य स्वरूप में निपुणता के लिए ख्याति प्राप्त है?

A. कथक

B. भरतनाट्यम

C. ओडिसी ✓

D. कथकली

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q117 General Awareness

वेलेरिया लुइसेली (Valeria Luiselli) को उनके किस उपन्यास के लिए अंतरराष्ट्रीय डबलिन साहित्य पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया?

A. फेसेस इन द क्राउड (Faces in the Crowd)

B. साइडवाक्स (Sidewalks)

C. द स्टोरी ऑफ़ माय टीथ (The Story of My Teeth)

D. लॉस्ट चिल्ड्रेन आर्काइव (Lost Children Archive) ✓

Q118 General Awareness

निम्न में से कौन-सी विद्युत आवेश की वह SI इकाई है, जो लगभग 6×10^{18} इलेक्ट्रॉनों में निहित आवेश के बराबर होती है?

A. बेकुरेल (Becquerel)

B. कूलाम (Coulomb) ✓

C. हेनरी (Henry)

D. सीमेंस (Siemens)

Q119 General Awareness

निम्नलिखित में से क्या ऊर्जा का एक गैर-पारंपरिक स्रोत है?

A. कोयला

B. पवन ✓

C. पेट्रोल

D. लकड़ी

Q120 General Awareness

3 अगस्त 2021 को _____ बील मास्टर्स ओपन में भारत के 69वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने थे।

A. हर्षित राजा ✓

B. पृथु गुप्ता

C. निहाल सरीन

D. डोमाराजू गुकेश

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Mathematics

जब 11, 15, 20 और 30 में से प्रत्येक से $k > 0$ घटाया जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएं समानुपात में होती हैं।

$(2k+2)$ और $3k^2$ के बीच मध्यानुपाती (mean proportional) ज्ञात कीजिए।

A. 32

B. 22

C. 30 ✓

D. 18

Q2 Mathematics

अवरा, A से B तक 74 km/h की चाल से यात्रा करती है, और B से A तक उसी मार्ग से 111 km/h की चाल से लौटती है। इस दोतरफा यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल कितनी थी?

A. 92.5 km/h

B. 88.8 km/h ✓

C. 87.5 km/h

D. 90 km/h

Q3 Mathematics

किरण की शादी 20 वर्ष पूर्व हुई थी। आज किरण की आयु उसकी शादी के समय उसकी आयु की $\frac{11}{7}$ गुनी है। अब से दस वर्ष बाद किरण की आयु कितनी होगी?

A. 70 वर्ष

B. 65 वर्ष ✓

C. 55 वर्ष

D. 45 वर्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

एक निश्चित धनराशि को 18% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 1 वर्ष 4 माह के लिए निवेशित किया जाता है, जिस पर ब्याज की गणना 8-मासिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है। यदि प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ₹3,816 है, तो निवेशित धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 14,800

B. 15,500

C. 15,000 ✓

D. 14,580

Q5 Mathematics

(a + b) का वह अधिकतम मान ज्ञात कीजिए, जिसके लिए 8-अंकीय संख्या 4523a60b, 15 से विभाज्य हो जाए।

A. 9

B. 11

C. 13 ✓

D. 15

Q6 Mathematics

यदि $x = \frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}$ है, तो $(x-7)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $2\sqrt{3}$

B. 48 ✓

C. 24

D. $4\sqrt{3}$

Q7 Mathematics

k का वह अधिकतम मान ज्ञात कीजिए, जिसे 6 अंकों वाली संख्या 24312k में k के स्थान पर रखने से यह संख्या 6 से विभाज्य हो जाए।

A. 6 ✓

B. 0

C. 4

D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

दो संख्याओं का योगफल 72 है। यदि उन संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है, तो दोनों संख्याओं के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 15

B. 20

C. 14

D. 18 ✓

Q9 Mathematics

एक डीलर किसी वस्तु को उसके अंकित मूल्य पर 16% की छूट के बाद ₹403.20 में बेचता है। यदि वह कोई छूट नहीं देता, तो उसे वस्तु के क्रय मूल्य पर 28% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

A. 350

B. 400

C. 480

D. 375 ✓

Q10 Mathematics

A, किसी वस्तु को ₹12,300 में खरीदता है। वह ₹200 भाड़े पर व्यय कर देता है। वह इस वस्तु को 10% लाभ पर B को बेचता है, जो इस वस्तु को 6% लाभ पर C को बेचता है। C उस वस्तु पर अपने क्रय मूल्य से ₹2,915 अधिक अंकित करता है और किसी ग्राहक को 10% की छूट पर बेचता है। C द्वारा अर्जित लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 1,172

B. 1,160

C. 1,166 ✓

D. 1,170

Q11 Mathematics

36 cm लंबाई और 16 cm चौड़ाई वाली एक आयताकार धात्विक शीट से, 6 cm, 4 cm और 2 cm त्रिज्या वाली तीन वृत्ताकार प्लेटें काट कर निकाली जाती हैं। यदि धात्विक शीट के शेष भाग का क्षेत्रफल एक वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है, तो उस वर्ग की प्रत्येक भुजा की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए। $\left(\pi = \frac{22}{7} \text{ मानिए}\right)$

A. 18

B. 18.6

C. 19.4

D. 20 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q12 Mathematics

किसी चट्टान पर बैठा एक प्रेक्षक किसी नाव को 30° के अवनमन कोण पर देखता है, जो एक समान चाल से तट पर प्रेक्षक के ठीक नीचे स्थित किसी बिंदु की ओर आ रही है। दस मिनट बाद, नाव का अवनमन कोण 60° पाया जाता है। नाव द्वारा तट तक पहुंचने में लगा कुल समय ज्ञात कीजिए।

A. 18 मिनट

B. 16 मिनट

C. 15 मिनट ✓

D. 14 मिनट

Q13 Mathematics

PQRS, केंद्र O वाले एक वृत्त में स्थित एक चक्रीय चतुर्भुज है। $\angle PQR$ और $\angle PSR$ का अनुपात 11 : 7 है। यदि PQ = QR है, तो $\angle OPQ$ ज्ञात कीजिए।

A. $56°$

B. $55°$ ✓

C. $52°$

D. $62°$

Q14 Mathematics

किसी संख्या का $\frac{1}{8}$, 42 के आधे से 12 कम है। उस संख्या का एक-चौथाई ज्ञात कीजिए।

A. 72

B. 18 ✓

C. 25

D. 20

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

30 m ऊंची एक मीनार के शीर्ष से, एक व्यक्ति, भू-तल पर खेल रहे किसी बच्चे को 30 डिग्री के अवनमन कोण पर देख रहा है। मीनार के पाद बिंदु और बच्चे के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए। (गणना हेतु आदमी और बच्चे की ऊंचाई को नगण्य मान लीजिए)

A. $30\sqrt{3}$ m ✓

B. 53 m

C. $52\sqrt{3}$ m

D. $\frac{30}{\sqrt{3}}$ m

Q16 Mathematics

A और B किसी कार्य को ₹18,750 में करने का ठेका लेते हैं। A इस कार्य को 20 दिन में पूर्ण कर सकता है और B इस कार्य को 30 दिन में पूर्ण कर सकता है। C की सहायता से वे इस कार्य को 8 दिन में पूर्ण करते हैं। C को उसके कार्य के अनुपात में कितना भुगतान किया जाना चाहिए?

A. ₹6,500

B. ₹7,500

C. ₹5,000

D. ₹6,250 ✓

Q17 Mathematics

जब ब्याज की गणना 8-मासिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो ₹7800 की धनराशि, x% वार्षिक दर से 2 वर्ष में ₹10381.80 हो जाती है। यदि ब्याज की गणना अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो समान धनराशि पर $(x+5)\%$ वार्षिक दर से एक वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

A. ₹1638 ✓

B. ₹1654

C. ₹1660

D. ₹1560

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

यदि a, $\frac{a}{2}$, $\frac{2a}{3}$, $\frac{a}{4}$, $\frac{3a}{5}$ की माध्यिका 6 है, तो a का मान कितना होगा, जहां a एक प्राकृत संख्या है?

A. 10 ✓

B. 12

C. 11

D. 9

Q19 Mathematics

एक विद्यालय में, कक्षाओं 5, 6 और 7 में क्रमशः 360, 520 और 280 छात्र हैं। इन छात्रों को एक यात्रा पर ले जाने के लिए बसों को किराए पर लेना है। यदि प्रत्येक बस में छात्रों की संख्या समान हो, और प्रत्येक बस में एक ही कक्षा के छात्र हों, तो प्रत्येक बस में बैठ सकने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 30

B. 20

C. 40 ✓

D. 50

Q20 Mathematics

व्यंजक $81^{0.16} \times 3^{0.36}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 2.56

B. 3 ✓

C. 0.13

D. 1

Q21 Mathematics

एक गोले की त्रिज्या और एक शंकु की आधार त्रिज्या, दोनों $3\sqrt{2}$ cm के बराबर हैं। यदि गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल, उस लंब वृत्तीय शंकु के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल के बराबर है, तो शंकु की ऊंचाई कितनी है?

A. 12 cm ✓

B. $9\sqrt{2}$cm

C. 8 cm

D. $8\sqrt{2}$cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

पाइप A, किसी टंकी के 50% भाग को 4 घंटे में भर सकता है और पाइप B उसी टंकी को पूर्ण रूप से 12 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो खाली टंकी कितने समय में पूर्ण रूप से भर जाएगी?

A. 4 घंटे 52 मिनट

B. 4 घंटे 40 मिनट

C. 4 घंटे 55 मिनट

D. 4 घंटे 48 मिनट ✓

Q23 Mathematics

प्रेक्षणों की एक निश्चित संख्या का माध्य 12 है। यदि उनमें से एक प्रेक्षण को निकालने पर माध्य अपरिवर्तित रहता है, तो निकाला गया प्रेक्षण ज्ञात कीजिए।

A. 13

B. 12 ✓

C. 11

D. 10

Q24 Mathematics

किसी निश्चित धनराशि पर 15% वार्षिक दर पर $3\frac{1}{3}$ वर्ष में प्राप्त साधारण ब्याज, समान धनराशि पर 12% वार्षिक दर पर $5\frac{1}{2}$ वर्ष में प्राप्त साधारण ब्याज से ₹1,840 कम है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹11,500 ✓

B. ₹10,105

C. ₹12,500

D. ₹13,500

Q25 Mathematics

यदि एक धनात्मक संख्या का वर्ग, उस संख्या के पांच गुने से 6 अधिक है, तो संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 9

B. 8

C. 5

D. 6 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 Mathematics

यदि किसी घन के मुख्य विकर्ण की लंबाई 12 cm है, तो घन का आयतन ज्ञात कीजिए।

A. $64\sqrt{3}\ \text{cm}^3$

B. $128\sqrt{3}\ \text{cm}^3$

C. $192\ \text{cm}^3$

D. $192\sqrt{3}\ \text{cm}^3$ ✓

Q27 Mathematics

₹4,750 की धनराशि को एक निश्चित वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर $5\frac{1}{2}$ वर्ष के लिए निवेशित किया गया। परिपक्वता पर देय धनराशि ₹6,840 थी। भुगतान किए गए साधारण ब्याज की वार्षिक प्रतिशत दर कितनी थी?

A. 7.5%

B. 8% ✓

C. 9%

D. 8.5%

Q28 Mathematics

25 संख्याओं का औसत 48.2 है। यदि पहली 10 संख्याओं का औसत 47 है और अंतिम 12 संख्याओं का औसत 49 है, तो 58, 69 और शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 54.8 ✓

B. 53.7

C. 52

D. 55.9

Q29 Mathematics

एक व्यक्ति शांत जल में 11 km/h की चाल से नाव चला सकता है। धारा की चाल $\frac{5}{6}$ m/s है। धारा की विपरीत दिशा में 36 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

A. 4 hrs 15 min

B. 4 hrs 36 min

C. 4 hrs 30 min ✓

D. 4 hrs 20 min

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 Mathematics

निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$95 \div 15 - 34 \div \{18 - 4 \div (3 \times 12) \times 9\} \times 2$

A. $2\frac{5}{9}$

B. $2\frac{1}{3}$ ✓

C. $-\frac{95}{986}$

D. $5\frac{1}{3}$

Q31 Mathematics

एक त्रिभुज के आधार की लंबाई, संगत ऊंचाई से 6 cm अधिक है। यदि त्रिभुज का क्षेत्रफल 108 cm^2 है, तो त्रिभुज के आधार की लंबाई ज्ञात कीजिए।

A. 12 cm

B. 18 cm ✓

C. 27 cm

D. 9 cm

Q32 Mathematics

दी गई भिन्नों में से कौन सी भिन्न $\frac{1}{2}$ से कम है?

A. $\frac{15}{31}$ ✓

B. $\frac{5}{9}$

C. $\frac{11}{21}$

D. $\frac{8}{15}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q33 Mathematics

निम्न व्यंजक को सरल कीजिए।

$\sqrt{0.25} + 2\sqrt{0.0049} - 0.3\sqrt{0.09}$

A. 5.05

B. 0.55 ✓

C. 0.1

D. 2.73

Q34 Mathematics

3 cm त्रिज्या वाले अर्धगोले का आयतन कितना होगा?

A. 9π cm^3

B. 36π cm^3

C. 27π cm^3

D. 18π cm^3 ✓

Q35 Mathematics

रेनू के प्राप्तांक गलती से 9 के स्थान पर 99 के रूप में अंकित हो गए। इस गलती के कारण, कक्षा के औसत प्राप्तांक, वास्तविक औसत से 2.25 अधिक हो गए। कक्षा में छात्रों की संख्या कितनी है?

A. 40 ✓

B. 38

C. 42

D. 36

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

दिए गए संख्या-युग्मों में से प्रत्येक में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करके प्राप्त की जाती है। निम्नलिखित में से तीन संख्या-युग्म एक समान पैटर्न का पालन करते हैं, और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। उस संख्या-युग्म का चयन करें, जो उस समूह से संबंधित नहीं है।

A. 125 - 6

B. 343 - 5 ✓

C. 729 - 10

D. 512 - 9

Q37 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा में 42 विद्यार्थी हैं। यदि कृतिका का स्थान शीर्ष से 18वां है, तो नीचे से उसका स्थान कौन सा है?

A. 24वां

B. 23वां

C. 26वां

D. 25वां ✓

Q38 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी पोशाकें शर्ट हैं।

सभी शर्ट कपड़े हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ कपड़े पोशाकें हैं।
(II) सभी शर्ट पोशाकें है।

A. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

आठ व्यक्ति M, N, P, S, T, V, X और Y एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं और सभी का मुख उत्तर की ओर है। M पंक्ति के किसी एक सिरे से तीसरे स्थान पर बैठा है। N, M के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। N के दाईं ओर जितने व्यक्ति बैठे है, P के बाईं ओर उतने ही व्यक्ति बैठे हैं। S, P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। X, Y के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। X और V के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
T के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. तीन

B. दो

C. एक ✓

D. शून्य

Q40 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।

UZM, QVQ, MRU, ?, EJC

A. MQC

B. RWU

C. INY ✓

D. GZX

Q41 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

R, P की मां नहीं है। P, S की पुत्री है, और S की तीन पुत्रियां हैं।

निष्कर्ष:

I. P, R की बहन है।

II. S, P की मां है।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

B. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है। ✓

C. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अंक-अक्षर-प्रतीक अनुक्रम का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) 5 Q + S r 8 B @ A 3 ? 6 c < Z % 6 d & G $ 2(दाएं)

यदि दिए गए अनुक्रम को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो कौन सा घटक दाएं सिरे से 10वें घटक के दाईं ओर 7वें स्थान पर होगा?

A. 8

B. + ✓

C. B

D. %

Q43 General Intelligence and Reasoning

'Y ① Z' का अर्थ है - 'Y, Z की बहन है'।
'Y ② Z' का अर्थ है - 'Y, Z का पति है'।
'Y ③ Z' का अर्थ है - 'Y, Z की पुत्री है'।
'Y ④ Z' का अर्थ है - 'Y, Z की मां है।'
'Y ⑤ Z' का अर्थ है - 'Y, Z का भाई है।'

उस विकल्प का चयन करें, जो निम्नलिखित व्यंजक में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकार यह स्थापित कर सकता है - 'C, L की संतान है'।

U ④ L ② G ④ M ① O ? C

A. या तो '①' या '⑤' ✓

B. केवल '④'

C. या तो '⑤' या '④'

D. केवल '②'

Q44 General Intelligence and Reasoning

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, REM का IVN से वही संबंध है, जो DOH का WLS से है। उसी पैटर्न का पालन करते हुए, KEY का _____ से समान संबंध है।

A. QVB

B. PVB ✓

C. QUD

D. PUC

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

यदि 'पेंसिल' को 'पेन' कहा जाता है, 'पेन' को 'छाता' कहा जाता है, 'छाता' को 'पुस्तक' कहा जाता है, 'पुस्तक' को 'रूलर' कहा जाता है, और 'रूलर' को 'कंप्यूटर' कहा जाता है, तो हम वर्षा से बचने के लिए किसका उपयोग कर सकते हैं?

A. छाता

B. पेंसिल

C. पुस्तक ✓

D. कंप्यूटर

Q46 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्तियों - S, V, O, Y, X और T का एक समूह है, जिनमें से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। उनमें से प्रत्येक एक अलग कक्षा में है। O, V से लंबा है, किंतु T से छोटा है। S, V और O क्रमशः कक्षा 9, 7 और 3 में हैं। S सबसे लंबा है और सबसे बड़ी कक्षा में है। X, Y से लंबा है, किंतु V से छोटा है। T, Y से बड़ी कक्षा में है, किंतु V से छोटी कक्षा में है। X, V से बड़ी कक्षा में है। इनमें से कौन V से बड़ी कक्षा में है, किंतु V से छोटा है?

A. O

B. X ✓

C. S

D. Y

Q47 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में 'COULD' को 'BNTKC' लिखा जाता है, और 'MARGIN' को 'LZQFHM' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MOULDING' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. LNKTCMFH

B. NITKHCMF

C. CHMFINTK

D. LNTKCHMF ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

a _ bca _ _ ca _ b _ _ abc

A. aabaca ✓

B. abacaa

C. aaacba

D. bacaaa

Q49 General Intelligence and Reasoning

रूपाली एक खास रास्ते से अपने घर से ऑफिस जाती है। प्रारंभ में, वह उत्तर की ओर 17 km चलती है, फिर अपने दाईं ओर पूर्व की ओर मुड़ती है और 15 km चलती है। यहां से, वह पुनः दाएं मुड़ती है और 17 km चलती है। अब, वह बाएं मुड़ती है और 7 km चलती है और अंत में अपने कार्यालय पहुंच जाती है। वह अपने घर से किस दिशा में और कितने km दूर (न्यूनतम दूरी पर विचार करते हुए) है? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. पूर्व; 22 km ✓

B. पश्चिम; 22 km

C. पूर्व; 24 km

D. पश्चिम; 29 km

Q50 General Intelligence and Reasoning

वेंकट की वर्षगांठ 01 जनवरी 2012 को रविवार के दिन थी। उसकी अगली वर्षगांठ को कौन सा दिन होगा?

A. मंगलवार ✓

B. शनिवार

C. रविवार

D. सोमवार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, J, K, L और M एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से चार इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि अन्य चार एक-एक भुजा के ठीक मध्य में बैठे हैं।
D मेज के किसी एक कोने पर बैठा है। D के बाईं ओर गिनने पर, D और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K, M के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। A न तो B के और न ही C के ठीक बगल में बैठा है। J, A के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।
L के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. C

B. J

C. K

D. M ✓

Q52 General Intelligence and Reasoning

दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

$12 - 4 + 8 \times 3 \div 7 = 20$

A. ÷, − ✓

B. ×, +

C. ÷, ×

D. +, −

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 General Intelligence and Reasoning

एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन - I और II दिए गए हैं। बताएं कि कौन से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त/आवश्यक हैं?

प्रश्न:

सुजाता की वर्षगांठ किस दिन है?

कथन:

I. टॉम को ठीक से याद है कि उसकी वर्षगांठ मंगलवार के बाद, किंतु शनिवार से पहले है।

II. अनु को ठीक से याद है कि उसकी वर्षगांठ गुरुवार से पहले, किंतु सोमवार के बाद है।

A. न तो कथन I और न ही कथन II प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

B. कथन I अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

C. कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

D. कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। ✓

Q54 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
'speak out your mind' को 'sr tw bl ca' लिखा जाता है,
'your results are out' को 'sr pu en tw' लिखा जाता है,
'mind your results' को 'tw ca pu' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

दी गई कूट भाषा में 'are out' के लिए कूट शब्द क्या है?

A. sr en ✓

B. pu sr

C. tw pu

D. en tw

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में,
'always bring your medicines' को 'ye si ut oh' लिखा जाता है,
'bring every friend' को 'mg td ye' लिखा जाता है,
'always your best friend' को 'ut jo si mg' लिखा जाता है।
(नोट: सभी कूट शब्द केवल दो अक्षर वाले कूटशब्द हैं)

यदि 'your every move' को 'px td ut' लिखा जाता है, तो उस कूट भाषा में 'always best medicines' को संभावित रूप से किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. oh si jo ✓

B. td mg ut

C. oh ye td

D. jo si ye

Q56 General Intelligence and Reasoning

दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

प्रशासन ने स्कूल में शिक्षक के चयन के लिए निम्नलिखित मानदंड निर्धारित किए हैं। उम्मीदवार को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना चाहिए:

A. कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातक होना चाहिए

B. एक अर्ह शिक्षा-स्नातक की डिग्री होनी चाहिए

C. 1 जुलाई 2021 को उसकी आयु 21 वर्ष से कम और 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

D. शिक्षा में परास्नातक उम्मीदवार के लिए, स्कूल बोर्ड ऊपरी आयु सीमा में छूट दे सकता है।

राहुल वर्मा एक प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ा रहे हैं। वह प्रथम श्रेणी स्नातक हैं। वह 23 वर्ष के थे, जब उन्होंने पिछले स्कूल में शिक्षक के रूप में नौकरी शुरू की थी। उन्होंने बी.एड. भी किया है।

A. दिए गए आंकड़े निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। ✓

B. मामले को स्कूल बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

C. उम्मीदवार की नियुक्ति की जानी चाहिए।

D. उम्मीदवार की नियुक्ति नहीं की जानी चाहिए।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Intelligence and Reasoning

दिए गए प्रत्येक संख्या-समूह में, '=' (बराबर चिह्न) के दाईं ओर मौजूद संख्या, '=' (बराबर चिह्न) के बाईं ओर मौजूद तीन संख्याओं पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की जाती है। तीनों संख्या-समूहों में समान पैटर्न का पालन किया जाता है। दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो तीसरे संख्या-समूह में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

15, 8, 12 = 10

26, 6, 13 = 12

11, 12, 4 = ?

A. 33 ✓

B. 28

C. 11

D. 19

Q58 General Intelligence and Reasoning

एक जनरल स्टोर में पांच उत्पादों - A, B, C, D और E का मूल्य अलग-अलग है। 'A', 'C' से सस्ता है, किंतु 'B' से महंगा है। 'E', 'C' से महंगा है, किंतु 'D' से सस्ता है। कौन सा उत्पाद सबसे सस्ता है?

A. E

B. A

C. C

D. B ✓

Q59 General Intelligence and Reasoning

एक कमरे में चार व्यक्ति बैठे हैं। जब कोई प्रश्न पूछा जाता है, तो उनमें से प्रत्येक व्यक्ति दो उत्तर देता है। उन चारों में से केवल दो व्यक्ति एक सही उत्तर देते हैं और एक गलत उत्तर देते हैं, जबकि अन्य दो व्यक्ति दोनों उत्तर गलत देते हैं। आज के दिन के बारे में पूछे जाने पर, व्यक्ति 1 कहता है कि आज बुधवार या रविवार है। व्यक्ति 2 कहता है कि आज सोमवार या शनिवार है। व्यक्ति 3 कहता है कि आज मंगलवार या शुक्रवार है। और व्यक्ति 4 कहता है कि आज गुरुवार या बुधवार है। आज कौन सा दिन है?

A. रविवार

B. शुक्रवार

C. शनिवार

D. बुधवार ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

132, 129, 124, 117, 108, ?

A. 97 ✓

B. 98

C. 119

D. 103

Q61 General Intelligence and Reasoning

रोशनी को ठीक से याद है कि श्रेष्ठा की वर्षगांठ गुरुवार से पहले, किंतु सोमवार के बाद है। कल्याण को ठीक से याद है कि श्रेष्ठा की वर्षगांठ मंगलवार के बाद, किंतु शुक्रवार से पहले है। श्रेष्ठा की वर्षगांठ निम्नलिखित में से किस दिन है?

A. मंगलवार

B. सोमवार

C. बुधवार ✓

D. गुरुवार

Q62 General Intelligence and Reasoning

उत्तर की ओर मुख किए हुए 25 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, केशव का स्थान दाएं सिरे से $7^{\text{वां}}$ है। यदि तेजा केशव के बाईं ओर $5^{\text{वें}}$ स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं सिरे से तेजा का स्थान कौन सा है?

A. $15^{\text{वां}}$

B. $14^{\text{वां}}$ ✓

C. $13^{\text{वां}}$

D. $16^{\text{वां}}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Intelligence and Reasoning

रेखा पूर्व की ओर मुख करके खड़ी थी। फिर वह 90 डिग्री दाएं मुड़ी और फिर वामावर्त दिशा में 45 डिग्री मुड़ गई। फिर वह दक्षिणावर्त दिशा में 90 डिग्री मुड़ी। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है?

A. दक्षिण

B. उत्तर-पूर्व

C. उत्तर

D. दक्षिण-पश्चिम ✓

Q64 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी ऑर्किड फूल हैं।

कुछ ऑर्किड सुंदर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ फूल सुंदर हैं।

II. सभी सुंदर फूल हैं।

A. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

C. या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q65 General Intelligence and Reasoning

शब्द DOLPHIN में ऐसे कितने अक्षर-युग्म (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में हैं?

A. शून्य

B. तीन

C. चार ✓

D. दो

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

JOE : GLB :: RDY : OAV :: PGL : ?

A. MDI ✓

B. MDO

C. SJO

D. SJI

Q67 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F एक सामूहिक चर्चा में संलग्न थे। A, D के ठीक पहले, किंतु B के ठीक बाद बोलता है। B, F के ठीक बाद बोलता है। यदि C, D के ठीक बाद, किंतु E से पहले बोलता है, तो निम्नलिखित में से किसने चर्चा का आरंभ किया?

A. E

B. B

C. D

D. F ✓

Q68 General Intelligence and Reasoning

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों - 1 और 2 में बैठे हैं। J, K, L, M और N पंक्ति 1 में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं, और Q, R, S, T और U पंक्ति 2 में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, इस प्रकार पंक्ति 1 में बैठे प्रत्येक सदस्य का मुख पंक्ति 2 में बैठे एक सदस्य की ओर है।

Q के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J का मुख Q के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है। M, J के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। K के सामने बैठा व्यक्ति S के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। न तो K और न ही S किसी भी सिरे पर बैठे हैं। S और T के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N का मुख, U के ठीक बगल में बैठे व्यक्ति की ओर है।

R के सामने कौन बैठा है?

A. M ✓

B. K

C. N

D. J

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Intelligence and Reasoning

छह सहपाठियों - T, U, V, W, X और Y में से प्रत्येक ने एक प्रवेश परीक्षा में अलग-अलग अंक प्राप्त किए। V ने केवल T और X से अधिक अंक प्राप्त किए। W ने केवल U से कम अंक प्राप्त किए। X ने सबसे कम अंक प्राप्त नहीं किए। तीसरे अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले ने 91 अंक प्राप्त किए। X ने 72 अंक प्राप्त किए।

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प संभवतः V को प्राप्त अंकों को दर्शाता है?

A. 97

B. 71

C. 80 ✓

D. 104

Q70 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई तालिका 6 वर्षों (2001 से 2006) के दौरान एक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रशिक्षित किए गए उम्मीदवारों की संख्या को दर्शाती है।

Year	Batch 1	Batch 2	Batch 3	Batch 4	Batch 5
2001	75	144	114	102	108
2002	90	126	102	84	126
2003	96	114	75	105	135
2004	105	90	150	90	75
2005	90	75	135	75	90
2006	105	60	165	45	120

(संदर्भ - Year - वर्ष, Batch - बैच)

2001 में बैच 2 में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या, 2005 में बैच 5 में प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक थी?

A. 60% ✓

B. 32%

C. 20%

D. 85%

General Awareness

50 Questions • Answer Key

Q71 General Awareness

बंगाल की खाड़ी के तट पर, कोणार्क का मंदिर _____ में बनाया गया था।

A. 11वीं शताब्दी

B. 12वीं शताब्दी

C. 10वीं शताब्दी

D. 13वीं शताब्दी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Awareness

2011 की भारतीय जनगणना के अनुसार, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या दर्ज नहीं की गई थी?

A. असम

B. त्रिपुरा

C. सिक्किम

D. नागालैंड ✓

Q73 General Awareness

किसी निश्चित समयावधि में लिंग और आयु के आधार पर जनसंख्या के विभाजन को दर्शाने वाला आरेख क्या कहलाता है?

A. जनसंख्या पिरामिड ✓

B. जनसंख्या वृत्त

C. जनसंख्या अतिपरवलय

D. जनसंख्या घनाभ

Q74 General Awareness

'रेड अर्थ एंड पोरिंग रेन' नामक उपन्यास के लेखक निम्नलिखित में से कौन हैं?

A. विक्रम चंद्र ✓

B. सामंत भद्र

C. सुकेतु मेहता

D. अरुंधति रॉय

Q75 General Awareness

अविनाश साबले ने 2021 में नेताजी सुभाष राष्ट्रीय संस्थान में नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ कितने समय में जीती थी?

A. 8 मिनट 15.20 सेकंड

B. 8 मिनट 20.20 सेकंड ✓

C. 8 मिनट 30.20 सेकंड

D. 8 मिनट 10.20 सेकंड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 General Awareness

काली मिट्टी भारत के निम्नलिखित में से किस भाग में प्रमुखता से पाई जाती है?

A. थार रेगिस्तान

B. हिमालय पर्वतों

C. सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्रों

D. दक्कन ट्रैप ✓

Q77 General Awareness

अर्जित कुल राजस्व और कुल लागत का_____ किसी फर्म का लाभ होता है।

A. भाग

B. अंतर ✓

C. गुणनफल

D. योग

Q78 General Awareness

निम्न में से कौन सा पौधा अपने मूल ग्रंथियों में पाए जाने वाले राइजोबिया जीवाणु के साथ परस्पर सहजीवी संबंध के कारण वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण नहीं करता है?

A. मसूर (Lentils)

B. गूलर (Ficus) ✓

C. काबुली चने (Chickpeas)

D. मूंगफली (Peanuts)

Q79 General Awareness

हेपेटाइटिस ए (Hepatitis A) _____ की सूजन है, जो हल्की से गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है।

A. यकृत ✓

B. हृदय

C. मस्तिष्क

D. गुर्दा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Awareness

हेमिस गोम्पा उत्सव, गुरु_____ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है ।

A. पतरुल रिनपोछे

B. पद्मसंभव ✓

C. मारपा लोत्सावा

D. कात्यायन

Q81 General Awareness

संस्कृति मंत्रालय द्वारा फरवरी 2021 में पश्चिम बंगाल में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक प्रमुख महोत्सव का आयोजन किया गया। उस महोत्सव का नाम क्या था?

A. राष्ट्रीय शक्ति महोत्सव

B. राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव ✓

C. संकल्प महोत्सव

D. अमृत महोत्सव

Q82 General Awareness

निम्न में से कौन सा कथन 'अस्थायी विनिमय दर' के लिए उचित है?

A. यह परिसंपत्तियों के अंतरराष्ट्रीय लेनदेन दर्ज करती है।

B. यह मांग और आपूर्ति की बाजार शक्तियों द्वारा निर्धारित होती है। ✓

C. यह विदेशी विनिमय को कम करती है।

D. यह निर्यात और आयात के बीच संतुलन बनाए रखती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness

भारत के राष्ट्रीय आर्केस्ट्रा (National Orchestra of India) के संस्थापक कौन हैं?

A. रवि शंकर ✓

B. अनुष्का शंकर

C. आनंद शंकर

D. उदय शंकर

Q84 General Awareness

टाटा एयरलाइंस का शुभारंभ मूल रूप से वर्ष _____ में किया गया था।

A. 1956

B. 1968

C. 1944

D. 1932 ✓

Q85 General Awareness

गोवा, _____ को भारत का 25वां राज्य बना था।

A. 30 मई 1986

B. 30 मई 1988

C. 30 मई 1987 ✓

D. 30 मई 1990

Q86 General Awareness

निम्नलिखित में से कौन सी नदी भारत के पड़ोसी देश नेपाल से निकलती है?

A. गंगा

B. राप्ती ✓

C. ब्रह्मपुत्र

D. सिंधु

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q87 General Awareness

ऋग्वेद 1028 सूक्तों का एक संग्रह है, जो _____मंडलों में विभाजित है।

A. 9

B. 14

C. 7

D. 10 ✓

Q88 General Awareness

अटल सुरंग, दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग है। यह मनाली को _____ से जोड़ती है।

A. कुल्लू

B. लाहौल स्पीति ✓

C. शिमला

D. जम्मू

Q89 General Awareness

निम्न में से कौन सा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 182 का घटक है?

A. अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने या अध्यक्ष के रूप में कार्य करने की उपाध्यक्ष या अन्य व्यक्ति की शक्ति।

B. सभापति और उपसभापति का पद रिक्त होना, पदत्याग और पद से हटाया जाना।

C. विधान परिषद का सभापति और उपसभापति। ✓

D. अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को पद से हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन होने पर उनका पीठासीन न होना।

Q90 General Awareness

सांची के स्तूप में निम्नलिखित में से कौन सा प्रतीकचिन्ह, सारनाथ में बुद्ध द्वारा दिए गए प्रथम उपदेश को वर्णित करता है?

A. बोधिवृक्ष

B. चक्र ✓

C. रिक्त आसन

D. हाथी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness

विख्यात गायिका एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी एक भारतीय कर्नाटक गायिका थीं जिनका जन्म _____ में हुआ था।

A. एरोड

B. वेल्लोर

C. तंजावुर

D. मदुरै ✓

Q92 General Awareness

26 जुलाई 2021 को भारत सरकार ने राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF) के लिए 5 वर्ष की अवधि में कितनी राशि का अनुदान देने की योजना बनाई है?

A. ₹75,000 करोड़

B. ₹30,000 करोड़

C. ₹20,000 करोड़

D. ₹50,000 करोड़ ✓

Q93 General Awareness

निम्न में से किस उपग्रह की कक्षा सूर्य-समकालिक (sun-synchronous) नहीं है?

A. ई.आर.एस.-1 (ERS-1)

B. मेटियोसैट - 11 (Meteosat - 11) ✓

C. निंबस - 7 (NIMBUS - 7)

D. इकोनॉस (IKONOS)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q94 General Awareness

प्रादिष्ट मुद्रा (Fiat money) वह है, _____ है।

A. जिसका कोई आंतरिक मूल्य नहीं होता ✓

B. जिसका अंकित मूल्य के बराबर आंतरिक मूल्य होता है

C. जिसमें कोई और रूपांतरण नहीं होता है

D. जिसका कर सरकारी व्यय के बराबर होता है

Q95 General Awareness

स्कैंडिनेविया एक सांस्कृतिक क्षेत्र है, जो _____ महाद्वीप में स्थित है।

A. यूरोप ✓

B. एशिया

C. उत्तरी अमेरिका

D. अफ्रीका

Q96 General Awareness

हुगली नदी के तट पर अंग्रेजों द्वारा पहली व्यापारिक कोठी (English Factory),_____ में स्थापित की गई थी।

A. 1671 CE

B. 1641 CE

C. 1651 CE ✓

D. 1661 CE

Q97 General Awareness

एकाधिकार तथा प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम (MRTP) निम्न में से किस वर्ष प्रभावी हुआ?

A. 1968

B. 1970 ✓

C. 1978

D. 1974

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा तैयार मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2020 में _____ पहले स्थान पर है।

A. आइसलैंड

B. नॉर्वे ✓

C. हांगकांग

D. स्वीडन

Q99 General Awareness

कल्हण की राजतरंगिणी में, _____ पर शासन करने वाले राजाओं के इतिहास का संस्कृत भाषा में वर्णन किया गया है।

A. बंगाल

B. बिहार

C. दिल्ली

D. कश्मीर ✓

Q100 General Awareness

मेमोरी के संबंध में, USB (यू.एस.बी.) का पूर्ण रूप क्या है?

A. Universal Serial Bus (यूनिवर्सल सीरियल बस) ✓

B. Universal Service Bus (यूनिवर्सल सर्विस बस)

C. Unique Serial Bus (यूनिक सीरियल बस)

D. Unique Service Bus (यूनिक सर्विस बस)

Q101 General Awareness

'गरीबी रेखा' की अवधारणा पर चर्चा करने वाले प्रथम राजनीतिक हस्ती/व्यक्ति कौन थे?

A. दादाभाई नौरोजी ✓

B. राजा राम मोहन राय

C. महात्मा गांधी

D. राजेन्द्र प्रसाद

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q102 General Awareness

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 352 _____ से संबंधित है।

A. केंद्र-राज्य संबंध

B. उच्चतम न्यायालय

C. राज्य आपातकाल

D. राष्ट्रीय आपातकाल ✓

Q103 General Awareness

जून 2021 में, तेलंगाना सरकार ने 'मेडिसिन फ्रॉम द स्काई (Medicine from the Sky)' परियोजना को विकसित करने के लिए किस ई-कॉमर्स फर्म के साथ साझेदारी की थी?

A. फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड ✓

B. अमेज़ॅन डेवलपमेंट सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

C. ग्रोफर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

D. जस्ट डायल लिमिटेड

Q104 General Awareness

मई 2021 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) द्वारा विकसित व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हाई-एंड वेंटिलेटर के समतुल्य कम लागत वाले वेंटिलेटर का नाम बताइए।

A. वायु (VaU) ✓

B. वरुण (VaRun)

C. जीवन (JeeVan)

D. गति (GaTi)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q105 General Awareness

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया कृत्रिम द्वीप पाम जुमेराह (Palm Jumeirah) निम्न में से किस देश की परियोजना है?

A. यूएई (UAE) ✓

B. यूएसए (USA)

C. सिंगापुर

D. भारत

Q106 General Awareness

जनवरी 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश निम्न में से कौन हैं?

A. नुथलपति वेंकट रमण ✓

B. उदय उमेश ललित

C. इंदिरा बनर्जी

D. संजय किशन कौल

Q107 General Awareness

जियानलुइगी डोनारुम्मा (Gianluigi Donnarumma) कौन थे, जिनका नाम जुलाई 2021 में खबरों में आया था?

A. वैमानिकी वैज्ञानिक

B. राजनीतिज्ञ

C. थिएटर डायरेक्टर

D. खिलाड़ी ✓

Q108 General Awareness

भारत के निम्नलिखित में से किस पड़ोसी देश का क्षेत्रफल सबसे कम है?

A. भूटान ✓

B. नेपाल

C. पाकिस्तान

D. म्यांमार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q109 General Awareness

नीचे सूचीबद्ध खाद्य पदार्थों में से विटामिन सी (Vitamin C) का सबसे समृद्ध स्रोत कौन सा है?

A. अंडे

B. दालें

C. खजूर (Dates)

D. साइट्रस फल (Citrus fruits) ✓

Q110 General Awareness

निम्न में से किस भू-सर्वेक्षण उपग्रह को नासा (NASA) और इसरो (ISRO) द्वारा संयुक्त रूप से प्रक्षेपित किया जाना है?

A. कल्पना (KALPANA)

B. ओशनसैट (OCEANSAT)

C. निसार (NISAR) ✓

D. रिसैट (RISAT)

Q111 General Awareness

वे भारतीय तबला उस्ताद, संगीतकार, तालवादक, संगीतकार और फिल्म अभिनेता निम्नलिखित में से कौन हैं जिन्हें 1988 में पद्म श्री और उसके बाद 2002 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

A. पंडित अनिंदो चटर्जी

B. उस्ताद जाकिर हुसैन ✓

C. पंडित कुमार बोस

D. उस्ताद अल्ला रक्खा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q112 General Awareness

निम्नलिखित में से किस नदी को चीन के तिब्बती क्षेत्र में यारलुंग सांगपो (Yarlung Tsangpo) के नाम से भी जाना जाता है?

A. तीस्ता

B. सिंधु

C. सतलुज

D. ब्रह्मपुत्र ✓

Q113 General Awareness

किस पूर्व एथलीट को बी.बी.सी. (BBC) इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ़ द ईयर 2021 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था?

A. अनीता सूद

B. पी.टी. उषा

C. अंजू बॉबी जॉर्ज ✓

D. डायना एडुल्जी

Q114 General Awareness

पाणिनि की _____ नामक पुस्तक के साथ संस्कृत व्याकरण का विकास प्रारंभ हुआ।

A. महावस्तु

B. बुद्धचरित

C. ललितविस्तार

D. अष्टाध्यायी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q115 General Awareness

FRBMA को 2003 में अधिनियमित किया गया था, जिसके द्वारा सरकार के लिए राजकोषीय घाटे को कम करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। FRBMA का पूर्ण रूप क्या है?

A. Fiscal Relations and Budget Maintenance Act (फिस्कल रिलेशंस एंड बजट मेंटनेंस एक्ट)

B. Fiscal Responsibility and Budget Management Act (फिस्कल रेस्पांसबिलिटी एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट) ✓

C. Financial Responsibility and Budget Maintenance Act (फाइनेंशियल रेस्पांसबिलिटी एंड बजट मेंटनेंस एक्ट)

D. Financial Relations and Budget Management Act (फाइनेंशियल रिलेशंस एंड बजट मैनेजमेंट एक्ट)

Q116 General Awareness

भारत के संविधान निर्माताओं द्वारा सरकार के संसदीय स्वरूप को अपनाने की प्रेरणा_____ से ली गई थी।

A. जापान

B. स्विट्ज़रलैंड

C. ब्रिटेन ✓

D. संयुक्त राज्य अमेरिका

Q117 General Awareness

निम्न में से कौन सा तत्व आधुनिक आवर्त सारणी के d ब्लॉक का तत्व है?

A. Na

B. Fe ✓

C. Mg

D. Ca

Q118 General Awareness

सिद्धि धमाल नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित है?

A. गुजरात ✓

B. लद्दाख

C. अंडमान व निकोबार द्वीप समूह

D. नागालैंड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q119 General Awareness

गांधी-इरविन समझौता_____ में हुआ था।

A. 1928

B. 1931 ✓

C. 1926

D. 1949

Q120 General Awareness

निम्न में से कौन सा मानक इंटरनेट प्रोटोकॉल है, जिसका उपयोग इंटरनेट से जुड़े किसी एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर में फ़ाइलों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है?

A. TELNET

B. HTTP

C. SMTP

D. FTP ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in